## खबर संक्षेप



### कटनी टीम ने जीता छठवां सुपर लीग मैच

**गनियारी।** शरद चौबे की पुण्य स्मृति में चल रहे जिला स्तरीय लाल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगता का छठवा सुपर लीग मैच बघराजी और कटनी के बीच खेला गया जिसमें बघराजी टीम से टॉस जीता और पहले बॉलिबाजी का निर्णय लिया। बघराजी टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 152 रन बनाए। कटनी टीम को 153 रनों का लक्ष्य दिया। वही कटनी टीम इस लक्ष्य को 15वे ओवर की तीसरे बॉल में ही 4 विकेट के नुकसान के इस लक्ष्य को पा लिया और मैच जीत लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच आजाद रहे जिन्होंने पहले बल्ले से 24 बॉलो में 68 रन बनाए वही गेंदबाजीमें 01 सफलताए अपनी टीम दिलाई। मुख्य अतिथि आचार्य शेलेन्द्र महाराज, राजेन्द्र शुक्ला, श्याम सुंदर तिवारी, पीपलू चौबे रहे। मैच के निर्णायक जय हल्दकार, उत्तम बर्मन रहे।

### खुले में मांस मछली विक्रय करने पर हुई कार्यवाही

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश में स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम टीम ने आज नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर खुले में मांष व मछलियों का विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही की। सोमवार को शिवाजी वार्ड ईश्वरीपुरा वार्ड एवं महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड से 2 किलो मुर्गा जब्त कर नगर निगम कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही की गयी जिसमें लगभग 02 किलोग्राम मुर्गा जप्त करते हुये विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई।

### जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक 20 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक 20 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिह ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण 21 दिसंबर को

**कटनी।** नगरीय निकाय तथा पंचायत उप निर्वाचन (उत्तरार्ध) 2023 के निर्वाचन हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट केम्पस नवीन सभागार कक्ष में दो पालियों में प्रशिक्षण 21 दिसंबर को प्रथम पाली में 10.30 से 2.00 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 2.30 से 5.30 बजे तक दिया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते द्वारा प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर आर.के.बारी प्राचार्य शिक्षा विभाग, राजेन्द्र असाटी व्याख्याता डाइट सहित अनिल कुमार चक्रवर्ती बी.ई.ओ. विकासखंड रीठी को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, खण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं गठित मतदान दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करनें हेतु निर्देशित किया है।

### खुले में मांस मछली के विक्रय पर प्रतिबंध हेतु दुकानों का सघन निरीक्षण

**कटनी।** जिले मे खुले में मांस, मछली के विक्रय पर प्रतिबंध हेतु जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर के निर्देश पर विगत दिवस खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा भ्रमण कर मिशन चौक कटनी स्थित मांस, अंडे, मछली आदि विक्रय करने वालों को दिशा निर्देशों के संबंध मे अवगत कराते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के पालन की कार्यवाही कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की शर्तो के संबंध में समझाइश दी गई।

### मौसम भी ले रहा करवट, कभी धूप तो कहीं बादल छा जाने से बुरा हाल

# सर्द हवाओं से ठिठुरन के साथ बढ़ा गलाव, दुबके लोग, जल रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिसंबर माह के दूसरे पखवाड़े की शुरूआत से ही सर्द मौसम अब भारी पड़ने लगा है। सर्द हवाओं से जहां ठिठुरन बढ़ गई है वहीं दूसरी ओर अब गलाव की स्थिति बन गई है। आलम यह है कि लोग दिन भर गर्म कपड़ों से ढंके नजर आ रहे हैं। पारा लुढ़ककर नीचे आ गया है। बदन में कंपकंपाट लाने वाली तेज हवाओं ने घर से निकलना मुश्किल कर दिया। खुले में कुछ ही देर रहने पर लोग ठंड से कांपने लग रहे हैं। कांपते शरीर को अलाव और आग का ही सहारा है। स्थिति यह है कि भीषण सर्दी में बुजुर्ग व बच्चों का बुरा हाल है। बुजुर्ग तो घरों के अंदर ही दुबके रहने के लिए मजबूर हैं। सर्दी बढ़ते ही गर्म कपड़ों की बिक्री में इजाफा देखने को मिल रहा है। संपन्न लोग तो मार्ट या फिर विभिन्न बाजारों में स्वेटर, जैकेट, शाल आदि की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं गरीब लोगों के लिए फुटपाथ पर सजे ठेले ही सहारा बन रहे हैं। नगर के एसबीआई



तिराहे व जिला अस्पताल रोड के साथ चौपाटी स्थित तिब्बती वूलन बाजार पर बड़ी तादाद में लोग खरीदारी करते हुए देखे गए।

### बढ़ने लगा सर्दी का कहर

दिन प्रतिदिन मौसम का पारा लुढ़कने के साथ ही सर्दी का कहर बढ़ने लगा है। सोमवार अभी तक का सबसे ठंडा दिन रहा। ऐसे में जनमानस ठंड से कांप उठा। कोहरे भी आफत ढा रहा है। सुबह कोहरे के बीच गलन भरी ठंड से परेशान लोग घरों में कैद होकर रह गए। खास तौर पर बच्चों व वृद्धों को कड़ाके की ठंड परेशान कर रही है। मौसम भी बार बार करवट बदल रहा है। कभी धूप तो कभी बादलों से ठंड अधिक सताने लगी है। आलम यह है कि धूप निकलने पर लोग धूप सेकते नजर आ रहे है बादल छा जाने पर अलाव से बचाव का उपाय किया जा रहा है। गर्म कपड़ों के बाजार में खरीददारी तेज हो गई है। शीतलहर का प्रकोप होने के कारण ठिठुरन बढ़ गई है।

### गलाव से ठिठुर रहे हाथ व पैर

मौसम में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग का कहना है कि तापमान में अभी और गिरावट होने के अनुमान हैं। कोहरे के और तेज होने के साथ ही बदली छाए रहने के आसार हैं। रात के समय ट्रैफिक न के बराबर है। दो पहिया वाहनों से चलने वाले लोगों की हालत और पतली हो गई है। कुछ ही दूर की यात्रा में हाथ-पैर ठंडे पड़ जा रहे है। ठिठुरन के बीच चाय के दुकानों, गर्म समोसे आलूबंद की दुकानों में भीड़ बनी रही। शीतलहर में अलाव की व्यवस्था नाकाफी हो गई है।



# कलेक्टर ने दिव्यांग को दी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दिव्यांगता का दंश झेल रहे विवेकानंद वार्ड लखेरा निवासी 28 वर्षीय विजय कुमार साहू कलेक्टर अवि प्रसाद के हाथों मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पाकर खुशी से फूले नहीं समा रहे। करीब 85 फीसदी दिव्यांगता से प्रभावित विजय को अभी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में काफी असुविधा होती थी।

दिव्यांग विजय ने बताया कि कलेक्टर सर से मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल से अब मेरी आवागमन की बड़ी समस्या दूर हो गई है। कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विजय ने कहा कि वे काफी पहले से कलेक्टर सर की सहृदयता की बात सुनते आये हैं, लेकिन अब उन्होंने मुझे मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल देकर लोगों के मुंह से मेरी सुनी बात को यकीन में बदल दिया कि कलेक्टर सर सही में दीन-दुखियों के सच्चे मद्दगार हैं। विजय ने कहा कि इस मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल से मेरे ठहरे हुए जीवन में गति आ गई है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी और उप संचालक पंचायत एवं सामाजिक न्याय नयन सिंह और सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुवैती भी मौजूद रहे।

*माता पिता को खो चुके बच्चों के भविष्य को संवारने सार्थक पहल*

# दो बेसहारा बच्चों को मिला कलेक्टर का सहारा, मिलेंगे हर माह 2 हजार रूपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के बेसहारा बच्चों के जीवन में खुशियों और उम्मीदों की रोशनी बिखेरने के प्रकल्प में जुटे कलेक्टर अवि प्रसाद ने सोमवार को दो और बेसहारा बच्चों के भविष्य को संवारने का निमित्त बन गये। अपने माता-पिता को असमय खो चुके दोनों अनाथ बच्चों के जीवन को स्पान्सरशिप योजना से जोड़कर कलेक्टर ने खुशियों के रंग भर दिये। कलेक्टर ने दो बेसहारा बच्चों की शिक्षा-दीक्षा के लिए निजी स्पान्सरशिप योजना के तहत दो हजार रूपये प्रतिमाह की सहायता राशि का प्रकरण स्वीकृत कर दोनों बच्चों के संरक्षकों को सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में दो-दो हजार रूपये की पहली किश्त का चेक प्रदान किया।

अपने माता पिता में से किसी एक को खो चुके 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के भरण पोषण और



शिक्षा में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए इसके लिए बाल संरक्षण अधिनियम 2015 अंतर्गत उन्हें सहायता राशि प्रदान करने के लिए निजी स्पॉन्सरशिप योजना का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। इस योजना को जिले में और अधिक प्रभावी बनाते हुए संवेदनशील कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा औद्योगिक घरानों के सीएसआर मद से ऐसे बच्चों को वयस्क होने तक आर्थिक सहायता मुहैया कराने का प्रावधान किया गया है। जिससे आर्थिक तंगी किसी भी बेसहारा बच्चे की प्रगति की राह में रोड़ा न बन सके।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास और उप संचालक पंचायत एवं सामाजिक न्याय नयन सिंह ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर शासकीय यशोदा बाई मा.शा. कटनी की कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली आराध्या चमड़िया उम्र 10 वर्ष के संरक्षक संजय चमड़िया निवासी सावरकार वार्ड नम्बर 10 और शासकीय माध्यमिक शाला गनियारी में छठवीं कक्षा में अध्ययनरत हिमांशु कुशवाहा उम्र 11 वर्ष के संरक्षक उनकी दादी जानकी बाई कुशवाहा को 2-2 हजार रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। भविष्य में अब इनकी सहायता राशि संबंधित बेसहारा बच्चों के संरक्षकों के बैंक खाते में सीधे स्थानान्तरित की जायेगी।

## सड़क निर्माण के बाद आवागमन होगा बेहतर



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत दिवस जनपद पंचायत ढीमरखेडा के भ्रमण के दौरान ग्राम कारोपानी कचनारी में ग्रामीणों के आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाडी के पास से गुडडू बैगा के घर तक रोड एवं नाली निर्माण कार्य शुरू कराने के दिए गए निर्देश के परिपालन मे जनपद पंचायत ढीमरखेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सी.सी.रोड और नाली निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश के बाद ग्राम करोपानी में आंगनबाडी के पास से गुडडू बैगा के घर तक रोड एवं नाली निर्माण का कार्य तीव्र गति से जारी है। कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और क्षेत्रीय जनों ने कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने बताया कि उपरोक्त कार्य वित्त एवं मनरेगा मद से 5 लाख की लागत से प्रारंभ करा दिया गया है। कार्य पूर्ण होनें से ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# रूपए गबन करने पर 3 वर्ष की सजा

**न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया दंडित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यायियक मजिस्ट्रोट प्रथम श्रेणी जिला कटनी न्याायालय द्वारा आरोपी सुदर्शन प्रसाद रजक पिता स्वध. गुलाबी राम रजक 72 वर्ष निवासी विवेकानंद वार्ड लखेरा को पैसे गबन के आरोप में धारा 409 भादवि में दोषी पाते हुये 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में पैरवी प्रसून कुमार द्विवेदी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र गर्ग द्वारा बताया गया कि दिनांक 12.10.2007 कोफरियादी ने इस आशय की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई थी कि फरियादी पी. एन. राव द्वारा एवं 22 साथियों से हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र एस.आर.पी. जबलपुर को पेश किया था जिसकी जांच पाया गया था कि डीजल शेड न्यू कटनी के रेल्वे कर्मचारियों की सहमति से उनके पी.आर.एस.एस. (पेरोल सेविंग स्कीम) के तहत खाते लोको फोरमेन डीजल शेड एन. के. जे. के माध्यम से न्यू यार्ड पोस्ट ऑफिस एन. के. जे. कटनी में खोले गये थे। डीजल शेड से रेल्वे कर्मचारी सुदर्श प्रसाद रजक पेन्टर ग्रेड-3 जो पी.आर.एस.एस. कार्य का संपादन करता था उसने पी.आर.एस.एस. की कटोत्रा राशि के खातों से अपने अधिकारी फोरमेन (वर्तमान एवं पूर्व) और पोस्ट ऑफिस न्यू यार्ड एन. के. जे. कटनी के संबंधित अधिकारीगणों की मिलीभगत से 23,62,303/- रूपये की हेरा-फेरी कर''गबन'' किया है।

शिकायत जांच के परिप्रेक्ष्यममें वस्तु-स्थिति सूचक प्रतिवेदन पुलिस अधीक्षक रेलवे जबलपुर को भेजा गया, जिसके बाद अपराधपंजीबद्ध कर, विवेचना की गई। गवाहों के कथन लिये गये एवं उक्त पासबुकों को जप्तकर जप्ती पत्रक तैयार किया एवं चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पत्रक तैयार किया जाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। प्रकरण की पूर्ण विवेचना कर चारों आरोपियों के विरूद्ध थाना जी.आर.पी. के अपराध क्रमांक 134/2007 अंतर्गत धारा409, 420, 467, 468, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। तदुपरांत अभियोजन के साक्ष्या एवं तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय जिला कटनी द्वारा आरोपी सुदर्शन प्रसाद रजक को उपरोक्तानुसार दण्डस से दण्डित किया गया।

*सावरकर वार्ड सड़क निर्माण का अवलोकन कर दूर की नाराजगी*

# महापौर ने कहा नगर विकास कार्य में दुर्भावनापूर्ण भ्रामक सूचनाओं से बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिका निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सावरकर वार्ड शंभू टॉकीज रोड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दीपावली पर्व एवं छठ पूजन सहित लेबर की छुटी और चुनाव आचार संहिता के कारण सड़क निर्माण कार्य में विलंब होने पर कतिपय लोगों द्वारा महापौर प्रीति संजीव द्वारा सडक निर्माण नहीं किये जाने का दुर्भावना पूर्ण भ्रम फैलाने का षडयंत्र रचते क्षेत्रीय लोगों को भ्रमित किया गया था।

सड़क निर्माण कार्य के बाद सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने सड़क निर्माण कार्य का अवलोकन करते हुए वार्ड के लोगों को समझाईश देते हुए उनके प्रति फैलाए गए भ्रम को एवं गलत



फहमियों को दूर किया महापौर ने वास्तविकता से अवगत कराते हुये क्षेत्रीय लोगों की नाराजगी दूर की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शंभू टाकीज मार्ग का निर्माण दीपावली पर्व एवं छठ पूजन लेबर छुट्टी व विधानसभा चुनाव के लिये आचार संहिता लागू होने के कारण विलंब से हो पाया है सड़क निर्माण कार्य विलंब से होने के कारण लोगों की नाराजगी पर महापौर ने विनम्रता पूर्वक लोगों से क्षमा भी मांगी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि सीवर लाईन खोदे जाने के बाद ही 2 से 3 महीने तक सड़क निर्माण में समय लगता ही है। महापौर ने कहा कि सीवर लाइन निर्माण के बाद सड़क को बैठक लेने के लिए 2- 3 महीने का समय आवश्यक होता है यह तकनीकी प्रक्रिया है।उन्होंने नगर की जनता से अपील की है कि जिस सड़क निर्माण कार्य में पहले सीवर लाइन खोदी जाती है सडक बैठक लेने मे 2 से 3 महीने का समय लगता ही है उपरान्त ही सडक का निर्माण होता है उन्होंने नगर कटनी आम जनता से अपील की है कि किसी के फैलाए गए भ्रम में ना आए धैर्यता का परिचय देते हुए नगर विकास में सहभागी बने।भ्रम की स्थिति मे संपर्क कर जानकारी ले! मोके पर वार्ड पार्षद राजेश भास्कर, डाक्टर रमेश सोनी, शिब्बू साहू, जय नारायण निषाद पूर्व पार्षद पार्वती निषाद,शहर के प्रतिष्ठित नागरिक सुशील शर्मा, लक्ष्मी निषाद, बबलू गुप्ता, गुड्डा जायसवाल आदि की उपस्थिति रही

## स्टाल लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी

# पांच जनपद पंचायतों की 10 ग्राम पंचायतों में निकाली गई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने तथा योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर सोमवार को जिले की 5 जनपद पंचायतों के 10 ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। यात्रा का जनपद पंचायत कटनी के सेक्टर कैलवारा खुर्द के ग्राम खरखरी एवं कूडो, ढीमरखेडा के सेक्टर कटरिया की ग्राम पंचायत आमाझाल एवं पहरूआ, विजयराघवगढ़ के सेक्टर देवराकला की ग्राम पंचायत पडखुरी एवं खरखरी, बड़वारा के सेक्टर पठरा की ग्राम पंचायत अमाडी एवं बनहरा सहित ग्राम पंचायत बहोरीबंद के सेक्टर स्लीमनाबाद की ग्राम पंचायत बिचुआ और भेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



जनपद पंचायत बड़वारा के प्रवेश द्वार ग्राम पंचायत मझगवा मे नवनिर्वाचित बड़वारा विधानसभा के विधायक श्री धीरेन्द्र बहादुर द्वारा किया गया। सर्वप्रथम स्वागत समिति द्वारा अभिनंदन एवं कलश यात्रा स्वागतगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई उत्सव समिति एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

स्वास्थ्य शिविर सेंट्रल बैंक द्वारा बीमा योजना महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण स्टाल लगाए गए राजस्व विभाग द्वारा मौके पर हितग्राहियो के लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि संबंधी जानकारी दी गई एवं श्याम बाई कोल को उज्वला योजना एवं कुसुम बाई को राष्ट्रीय परिवार सहायता के स्वीकृति पत्र वितरित किये गए विभिन्न योजना के 74 अवदेन प्राप्त हुए जिनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को दिया गया।

### आज यहां आयोजित होगी यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सेक्टर नन्हवाराकला की ग्राम पंचायत नन्हवाराकला, झिरिया, विधानसभा मुड़वारा, जनपद पंचायत कटनी के सेक्टर कैलवारा खुर्द की ग्राम पंचायत हरदुआ, खडौला, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा के सेक्टर कटरिया की ग्राम पंचायत देवरी माड़वारी, खमतरा, जनपद पंचायत बड़वारा के सेक्टर पठरा के ग्राम पंचायत पिपरिया कला, खिरहनी जनपद पंचायत बहोरिबंद के सेक्टर स्लीमनाबाद की ग्राम पंचायत तेवरी, लखनवारा, जनपद पंचायत रीठी के सेक्टर बडगांव की ग्राम पंचायत कैना में आयोजित होगी।

# जिले के हर पात्र हितग्राही को दिलायें योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे..जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर समस्त विकास खंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्राओं का आयोजन चिन्हित ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है।

सोमवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की आमाझाल,पहरुवा, जनपद क्षेत्र कटनी की खरखरी, कूड़ो बड़वारा की अमाड़ी, बनेहरी तथा रीठी में अमगवां विजयराघवगढ़ की पड़खुरी , खरखरी और बहोरीबंद के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकसित भारत संकल्प यात्राएं आयोजित हुई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सर्वश्री जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, प्रदीप सिंह, के के पांडे, ब्रितेश जैन, अभिषेक कुमार झा, चंदूलाल पनिका की मौजूदगी में हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा सामूहिक रूप से निर्धारित ग्राम पंचायत में ली गई। आयोजित कार्यक्रमों में उत्साह और उमंग से ग्रामीण जनों की भागीदारी हो रही है। ग्रामीण जनों को अधिकारियों द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की सुविधा, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास,खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण ,स्वच्छ पेयजल सुविधा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित कराई जाने की कार्रवाई की गई। सीईओ ने कहा कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे इसका ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप



### विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ शुभारम्भ

**बड़वारा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ बड़वारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मझगवां से इसकी शुरुआत हुई जहां पर कार्यक्रम में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्यातिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 19 विभागों का स्टाल कार्यक्रम में लगा तथा हितग्राहियों ने बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्कूली बच्चों के द्वारा की गई तथा बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सीधे ही हितग्राहियो से रूबरू हुए इस दौरान मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राम सेवक दुबे , कार्यालय प्रभारी हर्ष द्विवेदी , बड़वारा तहसीलदार मनीष शुक्ला, सीईओ के के पांडे, खेमचन्द यादव, राजेश चौधरी उर्फ लंगर सहित अन्य गण मान्य जन मौजूद रहे।

### उमरियापान में क्रिकेट ट्राफी 25 दिसंबर से

**उमरियापान।** उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में 25 दिसंबर से लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी का आयोजन किया जाएगा। खेल विकास समिति अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने बताया स्पर्धा का आगाज व्हीसीए रीवा और जीसीए जबलपुर टीम के मध्य उद्घाटन मैच से होगा। इसके बाद स्पर्धा में 26 दिसंबर को बाबा बर्फानी विंध्य टीम और जेपी जबलपुर, 28 दिसंबर को एमएस कटंगी और नागौद टीम, 29 दिसंबर को आरसीसी बनखेडी पिपरिया और डीसीए कटनी, 31 दिसंबर को नरसिंहपुर और डब्लूसीआर जबलपुर, 2 जनवरी को सम्राट क्लब सिहोरा और एचवाई उमरिया, 4 जनवरी को बीएचयू बनारस और वाईसीसी उमरियापान, 5 जनवरी को भोपाल और नागपुर टीम के बीच लीग मैच होंगे। 6 जनवरी से क्वार्टर फाइनल मैच और 10 जनवरी को स्पर्धा का फायनल मुकाबला होगा। गौरतलब है उमरियापान में लगभग 30 वर्षों से खेल विकास समिति के संयोजन में उक्त स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। इसका क्षेत्र के खेलप्रेमियों को बेशब्री से इंतजार रहता है।

### मालगाड़ी के डिब्बे बेपटरी

**कटनी।** कटनी- चोपन रेल मार्ग पर ब्यौहारी स्टेशन से आगे सिंगरौली के पहले मालगाड़ी के 6 डिब्बे पटरी से उतर गए हैं जिसके कारण रेल मार्ग बाधित हो गया है। रविवार की दरमियानी रात लगभग 2.30 बजे यह घटना हुई है। इसके बाद से इस लाइन से आने-जाने वाली मालगाड़ियां व यात्री गाड़ियां नहीं चल रही हैं। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक छह डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए हैं और तीन डिब्बे आंशिक प्रभावित हुए हैं। रात में सूचना मिलते ही यहां रेलवे के अधिकारी पहुंच गए हैं और बचाव कर तेजी से चल रहा है। लगभग 750 मीटर रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इसके सुधार कार्य में समय लगेगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक लगभग 24 घंटे में सुधार हो पाएगा। इस बीच इस लाइन से आने जाने वाली 19 मालगाड़ियां और छह यात्री गाड़ियां प्रभावित हैं। लगभग सोमवार की देर रात ही यातायात बहाल हो पाएगा। घटना की जांच के लिए टीम भी बन गई है और अधिकारी मौके पर पहुंचकर इस बात की जांच कर रहे हैं कि रेल लाइन से पटरी के डिब्बे किस कारण से उतरे हैं।

### नायब तहसीलदार और काउंसलिंग टीम पहुंची गनियारी

**कटनी।** घरेलू पारिवारिक समस्या से जूझ रही ग्राम गनियारी निवासी 75 वर्षीय सुशीला बाई तिवारी ने कलेक्टर अवि प्रसाद से भेंट कर समस्या के निराकरण कराने का आग्रह किया था। कलेक्टर ने इसके बाद वृद्ध सुशीला बाई के घर जाकर मौका मुआयाना करने नायब तहसीलदार अजीत तिवारी को निर्देशित किया था। कलेक्टर के निर्देश पर गनियारी पहुंचे नायब तहसीलदार और महिला एवं बाल विकास विभाग की काउंसलिंग टीम एवं दो सुपरवाईजर ने सुशीला बाई के परिवारजनों और बेटों से बात कर उन्हे समझाईश दिया।

### टी.एल बैठक में प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# प्रकरणों में कार्यवाही नहीं करने पर जताई नाराजगी, निराकरण करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आयोजित बैठक में सभी कार्यालय प्रमुखों को पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के पालन प्रतिवेदन का रिव्यू किया। साथ ही उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरणों, अवमानना के प्रकरणों और आयोग से प्राप्त शिकायतों के साथ ही विभागीय लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर सख्त और स्पष्ट निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, लोकायुक्त प्रकरण सहित मनव अधिकार आयोग को प्राप्त शिकायतों पर शीध्र कार्यवाही करते हुए लंबित प्रतिवेदनों को शीध्र प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद नें विभिन्न विभागों के उच्च न्यायालय में लंबित अवमानना संबंधी प्रकरण की समीक्षा कर प्रत्येक प्रकरण पर जवाबदावा प्रस्तुत करनें की हिदायत विभागीय अधिकारियों को दी। राजस्व विभाग के प्रचलित अवमानना प्रकरणों के रिव्यू के दौरान कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नाराजगी व्यक्त की जाकर अतिक्रमण के प्रकरणों में कार्यवाही करनें एवं तहसीलदारों की बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों में गति लाकर निराकरण के निर्देश अनुविभागीय अधिकारियों को दिए।

स्कूल परिसर के अतिक्रमणों की समीक्षा

स्कूल परिसर में अतिक्रमण के संबंध में की गई कार्यवाही की समीक्षा कर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा डी.ई.ओ एवं डी.पी.सी को सूची माह दिसंबर 2023 की स्थिति में अपडेट कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संबित एस.डी.एम को उपलब्ध कराते हुए निराकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर द्वारा दूधी परियोजना के निर्माण कार्य मे आवश्यक वन भूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु जिले की चिन्हांकित राजस्व भूमि को दूधी परियोजना के विरूद्ध आरक्षित भूमि को वन विभाग को हस्तांतरण करनें के संबंध में एस.एल.आर एवं फारेस्टर विभाग से जानकारी ली जाकर आज से ही कार्यवाही प्रारंभ कर 22 दिसंबर तक प्रकरणों का निराकरण करनें के निर्देश दिए।

बैठक में पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तो अनुसार वृक्षारोपण एवं सी.ई.आर गतिविधियों हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले में स्वीकृत कुल पट्टे एवं माइनिंग की जानकारी ली जाकर प्रति सप्ताह मीटिंग आयोजित करनें के निर्देश जिला खनिज अधिकारी को दिए।

बैठक के दौरान कल्याणकारी संस्था एवं छात्रावास योजना हेतु खाद्यान आवंटन, ब्रिस्क पोर्टल पर दर्ज राजस्व वसूली, पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी, बड़वारा में मोहरा नाला मे तालाब का निर्माण कराये जाने, राजसात वाहनों की नीलामी, खाद एवं फर्टिलाईजर की उपलब्धता, मिलवाटी खाद पदार्था के विरूद्ध की गई कार्यवाही, नवीन परिसर मे गर्ल्स कॉलेज शिफ्ट करने, जिला नशामुक्ति सह पुनर्वास केन्द्र की स्थापना सहित अन्य प्रकरणों का रिव्यू किया जाकर विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

# धान खराब होने पर रीठी एवं बहोरीबंद में भी एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना अंतर्गत ग्राम देवगांव, मुहास व बडग़ांव स्थित ओपन कैप में भी करोड़ों की धान खराब हुई है। धान बर्बाद हो जाने के बाद मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन कटनी के जिला प्रबंधक योगेंद्र सिंह सेंगर की शिकायत पर बहोरीबंद व रीठी पुलिस ने ओपन कैप संचालक कंपनी के चार अधिकारियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बताया जाता है कि सभी जगह मध्य प्रदेश सरकार द्वारा खरीदी गई धान को ओपन कैप में रखा गया था। ओपन कैप का संचालन एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा किया जा रहा था। बीते दिनों मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन कटनी के जिला प्रबंधक योगेंद्र सिंह सेंगर ने लिखित शिकायती पत्र बड़वारा, बहोरीबंद व रीठी थाने में दिया था।

शिकायती पत्रों की जांच के उपरांत सबसे पहले बड़वारा पुलिस ने एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ संतोष साहू, स्टेट हेड सौरभ मालवीय, कंपनी एडवाइजर अखिलेश बिसेन एवं ओपन कैप सुपरवाइजर संजू रजक के खिलाफ धारा 409, 120, 427 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं अब बहोरीबंद व रीठी पुलिस ने भी एमएस ग्रो ग्रेन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ संतोष साहू, स्टेट हेड सौरभ मालवीय, कंपनी एडवाइजर अखिलेश बिसेन प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### आज बंद रहेगा मांसाहारी पदार्थो का क्रय विक्रय

**कटनी** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत 19 दिसम्बर को संत तरण-तारण जयंती पर्व होने के कारण समस्त पशुवध ग्रह मांसाहारी पदार्थ मुर्गी मछली आदि का क्रय विक्रय बंद रहेगा। उक्त आशय के आदेश आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा दिए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि श्री संत तरण-तारण जयंती पर्व होने के कारण शहर में मांसाहारी पदार्थ के क्रय विक्रय करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा तथा उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डिठवारा के समीप हादसा

# तेज रफ्तार मोटर साइकिल खंभे से टकराई, युवक की मौत पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डिठवारा के समीप तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खंभे से टकरा गई। जिसके कारण मोटर सायकल में सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।

बताया जाता है कि ग्राम कन्हवारा निवासी 24 वर्षीय रंजीत पिता मनीराम बर्मन और ग्राम पटवारा निवासी 26 वर्षीय नीतेश पटैल मोटर सायकल में सवार होकर कल शाम शराब लेने ग्राम डिठवारा शराब दुकान पहुंचे थे।जहां उनका पहले शराब दुकान के कर्मचारियों से विवाद हुआ, इसके बाद दोनों की शराब दुकान के पास ही एक चखना बेचने वाले से भी विवाद और मारपीट भी हुई। मारपीट में रंजीत के सिर में चोट भी आई। जिसके बाद ही दोनों रिपोर्ट लिखाने विजयराघवगढ़ थाने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे एक खंभे से टकरा गई। जिसके कारण रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका दोस्त नीतेश पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक को पहले विजयराघवगढ़ शासकीय अस्पताल तथा बाद में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस दुर्घटना में मृत युवक रंजीत का पीएम कराने के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

यह भी पता चला है कि हादसे के बाद रंजीत बर्मन के परिवार वाले कुछ साथियों सहित शराब दुकान पहुंचे जहां उन्होंने चखना बेचने वाले कि सामूहिक रूप से पिटाई की। सामूहिक पिटाई से जख्मी चखना वाले युवक की हालत भी नाजुक बताई जा रही है, उसका भी ईलाज किया जा रहा।

दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी लेने विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अनूप सिंह से संपर्क करने पर उन्होने बताया कि उन्हे केवल दुर्घटना की जानकारी है। उसके पहले रंजीत व नीतेश के साथ क्या हुआ। इस बात की जानकारी नहीं है।

### औद्योगिक भ्रमण पर निकला विद्यार्थियों का दल



भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से संचालित संस्कृति महिला मण्डल कटनी के तत्वाधान में ब्लॉक मुड़वारा के ग्राम पिपरौंध के टेवाईट मॉडल हॉ0से0 स्कूल के 70 छात्राओं का द्वितीय दल चार दिवसीय जबलपुर के विभिन्न औद्योगिक भ्रमण के दौरान जबलपुर के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से निर्माण आदि की जानकारी ली गई। इस भ्रमण के दौरान छात्रों में विज्ञान और औद्योगिकी के क्षेत्र में रूचि पैदा करना है। भ्रमण के दौरान छात्रों को औद्योगिक इकाईयों में मैन्युफैक्चरिंग, पैकेजिंग सहित अन्य चीजों को नजदीक से देखने और समझने का अवसर मिला। छात्र को जो चीजें किताबों में पढ़ने को मिलती थी उनको नजदीक से देखने व समझने का अवसर मिलने से उनके अंदर काफी उत्साह का संचार हुआ। भ्रमण से लौटे छात्रों ने बताया की इस भ्रमण में काफी कुछ सीखने व देखने को मिला जो हमारे जीवन में काफी लाभदायक रहेगा। इस भ्रमण के दौरान मुख्य समन्वयक पाली सिंह, प्रबंधक अर्चना सिंह, लाली सिंह, बबीता सिंह, शकुन्तला केषरवानी आदि शामिल थे।

# परमात्मा की याद में रहते हुए सांसारिक कर्म करना ही सहज राजयोग है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में माउंट आबू राजस्थान के ज्ञान सरोवर के बीके रोहित भाई द्वारा 18 जनवरी तक चलने वाले योग तपस्या भटटी कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया । जिसमें सभी भाई बहनों ने परमात्मा के ध्यान में रहते हुए योग साधना की शिक्षा ग्रहण की।

बीके रोहित भाई ने राजयोग का अभ्यास और अनुभव करते हुए कहा कि ज्योति बिंदु स्वरूप व शांति रूपी स्वधर्म में स्थित होकर सर्व आत्माओं के परमपिता परम ज्योति बिंदु निराकार परमात्मा की याद में रहते हुए सांसारिक कर्म करना ही सहज राजयोग है । राजयोग कोई एक वह दो घंटे की सीमित व्यायाम नहीं, अपितु सकारात्मक स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन जीने की कला और शैली है।

आध्यात्मिक ज्ञान व राजयोग ज्ञान के नियमित अभ्यास द्वारा मानव अपने में दानव से देव बनने की आंतरिक शक्ति गुण व क्षमता विकसित कर सकता है । कार्यक्रम के अंत में सभी को ईश्वरीय प्रसाद दिया गया ।

इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन, सविता बहन, सुमन बहन, सीमा बहन, शिवानी बहन, ज्योति बहन,बरखा बहन, बेबी बहन, किरण बहन, नेहा बहन, अनीता बहन, पूजा बहन, रमेश भाई, रितेश भाई, शानू, संध्या, संजना, मेघा सहित अन्य भाई बहनों की उपस्थिति रही।

### शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष ने सौंपा पत्र

# आचार संहिता के दौरान हुई बीमारी अनिवार्य सेवा-निवृत्ति का आधार न बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में शिक्षा विभाग के 07 कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान करने का निर्णय प्रशासन द्वारा लिया जा रहा है । इन 07 कर्मचारियों पर आरोप है कि इन्होंने विधान-सभा निर्वाचन 2023 की डयूटी के दौरान अस्वस्थ होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर निर्वाचन कार्य से मुक्त रखने हेतु अनुरोध किया था ।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे का कहना है कि हो सकता है कि इनमें से वाकई एक या एक से अधिक कर्मचारी पूर्णतः दायित्व निर्वहन में अक्षम हों, परन्तु केवल निर्वाचन के समय आकस्मिक एवं गंभीर अस्वस्थता किसी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान करने का पर्याप्त कारण नहीं हो सकती है ।

#### सालों से नहीं आ रहे स्कूल, उन पर कार्यवाही नहीं

शासकीय शिक्षक संगठन का आरोप है कि कटनी जिले में ही अनेक कर्मचारी / शिक्षक ऐसे हैं जो कि वर्षों से अपने कार्यालय / विद्यालय का मुंह नहीं देख रहे हैं, और बार-बार सूचना के बावजूद उन्हें सेवा से पृथक नहीं किया जा रहा है, उदाहरण के लिए संकुल केन्द्र शा० उ० मा० वि० पिपरौंध के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला गैंतरा और प्राथमिक शाला भिटौनी टोला में एक-एक शिक्षिकाएं ऐसी हैं, जो वर्षों से विद्यालय नहीं आ रही, विद्यालय प्रमुख बार-बार पत्राचार कर रहे हैं, पर आज दिनांक तक उन्हें सेवा से पृथक नहीं किया गया, और यह केवल उदाहरण मात्र है ऐसे जिले में अनेकों प्रकरण हैं । और दूसरी तरफ चूंकि चुनाव डयूटी में रात में सोने की समुचित व्यवस्था न होने या बैठने में दिक्कत होने के कारण, कमोड आदि की व्यवस्था न होने के कारण, ह्दय संबंधी बीमारी होने के कारण जैसे किसी गंभीर कारण को लेकर यदि कोई कर्मचारी चुनाव डयूटी करने में अक्षम है, तो उसको अनिवार्य सेवानिवृत्ति का नोटिस जारी करना अथवा अनिवार्य सेवानिवृत्ति की कार्यवाही करना मानवीय संवेदनाओं से रहित कार्यवाही होगी ।

संगठन का मानना है कि हो सकता है, कि इस प्रक्रिया के प्रथम चरण के पीछे विभाग की मंशा कर्मचारियों का नुकसान न करके उनको सचेत करने की हो, परन्तु इस तरह की कार्यवाही से जहां एक ओर कर्मचारियों में गलत संदेश जाएगा, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों को बेवजह राजनीति करने का भी मौका मिलेगा, वैसे भी विभिन्न कारणों को लेकर कर्मचारी जगत में असंतोष का वातावरण तो है ही और यह न तो विभाग के हित में है और न ही कर्मचारियों के ।

शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे ने आयुक्त लोकशिक्षण भोपाल, संयुक्त संचालक लोकशिक्षण जबलपुर, कलेक्टर कटनी और जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के प्रकरण में किसी भी प्रकार की कर्मचारी विरोधी कार्यवाही करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि कोई निर्दोष कर्मचारी बेवजह प्रताडित न हो जाए और विभाग में किसी भी प्रकार की असहज स्थिति न बन सके ।

### विद्यार्थियों ने एड्स से बचाव एवं रोकथाम के प्रति किया जागरूक

# एचआईवी ऐसा वायरस है जो शरीर की इम्युनिटी कमजोर करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में डॉक्टर आर पी सिंह जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में एचआईवी एड्स के बचाव व रोकथाम हेतु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एचआईवी एड्स संक्रमण की रोकथाम और किन-किन चीजों से फैलता है तथा इससे कैसे बचा जा सकता है। उसके बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार खरे ने जानकारी देते हुए कहा कि एचआईवी एक वायरस हैं जो धीरे-धीरे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है।

हेमन्त कुमार श्रीवास्तव एड्स काउंसलर जिला चिकित्सालय कटनी ने कहा कि हर साल विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य, नए और प्रभावी नीतियों और कार्यक्रमों को बनाने, स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के साथ ही एचआईवी, एड्स के प्रति स्वास्थ्य क्षेत्रों की क्षमता को बढ़ाने के लिए के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। राघवेंद्र शर्मा टेक्निकल ऑफिसर एड्स (इम्यून डेफिसिएंसी सिंड्रोम या एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम) एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो वायरस) की वजह से होता है, जो मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है। इस रोग को पहली बार 1981 में मान्यता मिली। ये एड्स के नाम से पहली बार 27 जुलाई 1982 को जाना गया। तथा रक्तदान के महत्व को भी विद्यार्थियों को जानकारी दी। रेड रिबन क्लब के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णायक मंडल के रूप मे डॉ वीरेंद्र कुमार द्विवेदी,श्रीमती ज्योत्सना आठ्या, डॉ अजय कुमार ठाकुर एवं श्री धीरज कुमार रहे।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पारुल त्रिपाठी द्वितीय स्थान प्रतिक्षा कोरी, तृतीय स्थान आदर्श तिवारी एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मधु चौधरी द्वितीय स्थान आदर्श तिवारी एवं तिथि स्थान खुशी मिश्रा को प्राप्त हुए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रतीक्षा कोरी बीए तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान पारुल त्रिपाठी एम ए प्रथम सेमेस्टर तृतीय स्थान मधु चौधरी बीए प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के खरे हेमंत श्रीवास्तव एवं राघवेंद्र शर्मा द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्रतिभागियों को 300 रूपये, 200 रूपये एवं 100 रूपये पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए।

इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तुषा मेहरा, संचिता तिवारी, विक्रम सिंह, रवि कुमार, देवकी चौधरी,अभिलाषा साहू, रिया देव, शिवम कुमार लोहार,प्रगति सिंह,रुची पटेल, रीतू पटेल, अदिति त्रिपाठी,श्रृति साहू,प्रियांशी कोरी, आदर्श तिवारी उपासना कुशवाहा आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है।

विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है। हितग्राही और आवेदक को अपने बैंक खाता नंबर आधार से लिंक कराने और खाता डीबीटी सक्रिय कराने के लिए जागरूक करें।

## खबर संक्षेप



### वैश्य फेडरेशन का वार्षिक कैलेंडर विमोचित, नव नियुक्त पदाधिकारी का किया स्वागत

**अमानगंज।** 17 दिसंबर को गहोई धर्मशाला में वैश्य फेडरेशन तहसील इकाई अमानगंज द्वारा सर्व समाज सम्मेलन एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंच संचालन करते हुए नीरज बडेरिया द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का विषय रखा। तत्पश्चत वैश्य समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने व्यापार के माध्यम से समाज को एवं देश को मजबूत करने वाली सर्व वैश्य समाज को एकजुट होने के लिए कहा गया। साथ ही इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का भी फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक, गहोई समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष गोविंद प्रसाद छिरोल्या, रामस्वरूप छिरोल्या, लल्लू लाल रावत, हरिकांत रेजा, युवा मंडल अध्यक्ष शुभम रेजा , वार्ड पार्षद अंकित मौर्य, सोनू ताम्रकार, रामू सोनी, डॉ राघव ताम्रकार आदि तमाम सामाज सेवी मौजूद रहे।

### द्वारी ग्राम पंचायत पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**अमानगंज।** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पन्ना जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाली द्वारी ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जहां यात्रा में क्षेत्रीय विधायक राजेश वर्मा मौजूद रहे जिन्होंने जनता जनार्दन को संबोधित किया एवं मौके पर ही हित लाभ दिया गया तो वहीँ स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को गंभीर बीमारी के बचाव हेतु जानकारी दी गई। साथ ही निश्चय मित्र बनाए गए एवं टीवी मरीज सहित उन मरीजों को दबाए वितरित की गई साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर ही लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाये। इस दौरान गुनौर विधायक राजेश वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत चतुर्वेदी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुदामा पटेल, विशाल सिंह भदोरिया, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अमित मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीजे, मैरिज गार्डन और होटल संचालकों के साथ की बैठक

**पन्ना।** एसडीएम अशोक अवस्थी एवं कोतवाली थाना प्रभारी रोहित मिश्रा द्वारा आज स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में डीजे, मैरिज गार्डन और होटल संचालकों के साथ बैठक कर धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड से अधिक अवाज में डीजे बजाने पर प्रतिबंध के बारे में अवगत कराया गया। इसके अलावा डीजे के अवैधानिक उपयोग के संबंध में भी बैठक में जानकारी दी गई। एसडीएम ने इस संबंध में शासन के निर्णय से संचालकों को अवगत कराया तथा निर्धारित प्रावधान और सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। बताया गया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही लाउडस्पीकर और डीजे इत्यादि का उपयोग किया जा सकेगा। तेज आवाज में और बगैर अनुमति के इनके उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए उड़नदस्ता दल भी गठित किए जाएंगे। दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। ध्वनि प्रदूषण के मामलों की सतत निगरानी भी होगी और अवैधानिक प्रयोग के संबंध में शासन को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

## कमियों को दूर करने सीबीएमओ को दिए निर्देश

# कायाकल्प टीम ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

स्वास्थ विभाग भोपाल के निर्देशानुसार तहसील स्तर पर संचालित सिविल अस्पतालों में ग्रेडिंग को लेकर राज्य स्तर पर गठित कायाकल्प टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है जिसमें सोमवार के दिन नगर में संचालित सिविल अस्पताल में सागर से डां.अभिषेक सिंह व उनकी टीम द्वारा जनरल वार्ड, दवा कक्ष, ओपीडी, डिलीवरी रूम, वैक्सीन सेंटर, लेवर रूम, किचन गार्डन के साथ सफाई व्यवस्था व अन्य सेवाओं सहित पूरे अस्पताल परिसर का जायजा लिया।निरीक्षण मे टीम द्वारा अस्पताल के कर्मचारियों से उनके विभागों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की गई।वही निरीक्षण टीम द्वारा वार्ड में अलावा प्रसूताओं को मिलने वाले भोजन संबधित जानकारी ली गई एवं किचिन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई।दूसरी ओर टीम द्वारा अस्पताल के नवीन भवन व सिविल अस्पताल के अंदर और बाहरी हिस्से का जायजा लेने के बाद टीम को मिली कमियों को दूर करने के निर्देश सीबीएमओ को दिए गए। वहीं सिविल अस्पताल में टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार आदि की जानकारी लेनें के उपरांत टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक करते हुए व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की हकीकत परखने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से कायाकल्प टीम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी। जिसमें टीम द्वारा मूल्यांकन भी किया गया जिसकी रिपोर्ट राज्य सरकार स्वास्थ विभाग को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीबीएमओ डॉ. अमन श्रीवास्तव डां.सौरभ जैन के अलावा स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# संसार में सबसे बड़ा धनवान वही है जिसके पास राम नाम का धन है : पं.ऋषिकांत गर्ग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

श्रीमद्भागवत पुराण कथा में पांचवे दिन श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। मटकी फोड़ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी ने कहा कि सदा सुख केवल भगवान के चरणों में है। भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने को ही भागवत कथा है। भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए। भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है। यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। भागवत भूषण ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण के जीवन लीला के बारे में बताया गया। भगवान ने अपने शखाओं के साथ मटकी फोड़ी इसके बाद गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग लगाए गए।

# मप्र लेखक संघ का निर्वाचन अधिवेशन एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

## इन.अमर सिंह राजपूत पुनःजिला अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्य प्रदेश लेखक संघ इकाई दमोह का निर्वाचन अधिवेशन स्थानीय रामकुमार विद्यालय में हुआ, प्रांतीय समिति के निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारी डॉ. रघुनंदन चिले एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रेमलता नीलम के द्वारा विधिवत निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पं. रामकुमार तिवारी के मंत्रोच्चार से हुआ, इसके बाद जिला सचिव श्री पीएस परिहार ने संघ का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस निर्वाचन अधिवेशन में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण प्रक्रिया को अपनाते हुए जिला अध्यक्ष श्री अमर सिंह राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रामकुमार तिवारी एवं जिला कोषाध्यक्ष श्री बीएम दुबे निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री अमर सिंह राजपूत ने संघ संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष पद पर श्री ओजेंद्र तिवारी एवं जिला सचिव पद पर श्री पीएस परिहार को मनोनीत किया। सभी साहित्यकारों ने उक्त पदाधिकारियों को मालाऐं पहनाकर बधाई दी। निर्वाचन अधिवेशन के बाद डॉ. रघुनंदन चिले जी की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें उपस्थित साहित्यकारों ने समसामयिक कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन श्री पीएस परिहार ने किया तथा आभार श्री अमर सिंह राजपूत ने माना। दूसरे चरण में काव्य रस की अविरल धार बहाते हुए नरेंद्र अरजरिया ने रचना पढ़ी कि,पेट सभी को दे रहा,पल पल में अलसेट। इस के चक्कर में सभी,करते नित्य परेट। गणेश राय ने,सुख को शरबत भर पेट पियो। चंद्रा नेमा ने,स्वर हमारे गीत बन सकें शारदा मां।आराधना राय ने,क्या औचित्य इन सब का,कहां हैं हमारे विचार। पी एस परिहार ने,एक दीप तुम जलाओ,एक दीप हम जलाएं। डा प्रेमलता नीलम ने,किरण खीन भी हो सूरज की जगमगाएगी।डा रघुनंदन चिले ने,आग पेट की कभी बुझी ना।रामकुमार तिवारी ने,राधा कहुं के जय हैं।इंजी अमर सिंह राजपूत ने, लहसुन खाना भी जहां समझा जाता पाप,जानें क्यों उस देश में रिश्वत खाते आप।बी एम दुबे ने,जिनसे मिलना और बात करना दुर्लभ था।आनंद जैन ने,यूं तो लोगों आईने मिलते हैं विरासत में। चेहरे अक्सर बदल जाते हैं सियासत में।और सदन नेमा ने ,ने मारो नैन छ्वीली। रचना पढ़ी। सदन में भारी संख्या में साहित्य सुधीजन मौजूद रहे।

## पन्ना में नर बाघ के गले में मिला क्लच वायर का फंदा, मचा हड़कंप

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में 8 साल के एक नर बाघ के गले में क्लच वायर का फंदा फंसा हुआ मिला है, जिससे पन्ना टाइगर रिजर्व में हड़कंप मचा हुआ है। बाघ पी-243 पन्ना टाइगर रिज़र्व का सबसे बड़ा डोमिनेंट बाघ है, जिसका मूवमेंट तीन रेंजों में देखा गया है। बाघ के गले में क्लच वायर का फंदा कैसे फंसा, यह अभी रहस्य है। लेकिन पन्ना टाइगर रिजर्व में शिकारियों के घुसपैठ की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा रहा। उल्लेखनीय है कि नर बाघ के गले में फंदा लगा होने की खबर सबसे पहले पर्यटकों को तब लगी जब उन्होंने बाघ को इस हालत में घूमते हुए जंगल में देखा। फंदा फंसे बाघ का वीडियो गत रविवार को सामने आने पर पार्क प्रबंधन सक्रिय हुआ और इस नर बाघ को आनन-फानन ट्रेंकुलाइज करके फंदे से मुक्त किया गया। बताया गया है कि क्लच वायर का फंदा काफी टाइट था, जिससे बाघ के गले में घाव भी हो गया है। उपचार के बाद बाघ को खुले जंगल में फिर से छोड़ दिया गया है। इस मामले में पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक बृजेंद्र कुमार झा का कहना है कि मामले की जांच हेतु टीम गठित की गई है। बाघ के मूवमेंट वाले इलाके की सर्चिंग की जा रही है। जांच में डाग स्क्वायड की भी मदद ली जा रही है। यहाँ बताना यह जरुरी है कि पन्ना टाइगर रिजर्व बाघ पुनर्स्थापना योजना की चमत्कारिक सफलता के बाद से दुनिया भर के वन्य जीव प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2009 में यह टाइगर रिजर्व बाघ विहीन हो गया था, फल स्वरुप बाघों को यहां फिर से आबाद करने के लिए तत्कालीन पार्क प्रबंधन द्वारा सार्थक पहल व प्रयास हुए। नतीजतन जन समर्थन से बाघ संरक्षण का पन्ना टाइगर रिजर्व एक अनूठा उदाहरण बन गया। लेकिन अब जिस तरह से बाघों के गले में फंदे लगे मिल रहे हैं, उससे एक बार फिर से वर्ष 2009 के पहले वाले हालात नजर आने लगे हैं। निश्चित ही यह वन्य जीव प्रेमियों के लिए चिंता का विषय है। पार्क प्रबंधन को इसे बेहद गंभीरता से लेना चाहिए, ताकि इस तरह की अप्रिय स्थितियां न बनें। पन्ना टाइगर रिज़र्व का नर बाघ पी-243 अपने भारी भरकम डील डौल के चलते जहाँ आकर्षण का केंद्र रहता है वहीँ इस बाघ में कुछ ऐसी विशिष्टताएं भी देखी गई हैं जो दुर्लभ है। दो वर्ष पूर्व मई 2021 में बाघिन पी 213-32 की अज्ञात बीमारी के चलते मौत हो गई थी, उस समय इस बाघिन के तक़रीबन 7-8 माह के चार शावक थे जो मां की असमय मौत होने पर अनाथ हो गए। ऐसे समय जब इन अनाथ व असहाय शावकों के बचने की कोई सम्भावना नहीं थी उस समय इसी नर बाघ ने इन शावकों को न सिर्फ सहारा दिया बल्कि मां की तरह उनकी परवरिश भी की।

# शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जेल का कराया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शासकीय महाविद्यालय हटा के समाजशास्त्र विभाग द्वारा शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत अपराध और समाज पेपर से सम्बन्धित विद्यार्थियो को सब जेल हटा का विजिट करवाया गया, ताकि विद्यार्थी सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से भी लाभान्वित हो सके। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियो ने महिला पुरुष कैदियों से साक्षात्कार के द्वारा उनकी सामाजिक, आर्थिक ,शैक्षणिक और भौगोलिक परिस्थितियों को जानने समझने का प्रयास किया।साथ ही जेल व्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से जाना कि किस प्रकार कैदियों को रखा जाता है उनकी दिनचर्या आदि से सम्बन्धित अपनी जिज्ञासाओं को दूर किया। सब जेलर हटा के द्वारा यह सुझाव दिया गया कि प्रत्येक महाविद्यालय के द्वारा इस प्रकार जेल का भ्रमण विद्यार्थियो को कराना चाहिए क्योंकि ये विद्यार्थी ही परिवार, समाज व देश का भविष्य होते है। वे अपराध, अपराधी व जेल के कड़े नियमो से प्रत्यक्ष रूप से अवगत होने के बाद वे स्वयं व दूसरो को भी अपराध करने से रोक पायेगे। इसके अलावा विद्यार्थियो को ओर अन्य जानकारी प्राप्त हुई।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बनवार

## कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन आधार शिविर बनवार हरदुआ मानगढ़ में सोमवार को पहुंची मौके पर जंप सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, ग्राम पंचायत सरपंच विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही। इस मौके पर खेर माता मंदिर ग्राम पंचायत परिसर पर विकसित भारत को लेकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। योजनाओं से बंचित रह गए लोगो को जोड़ते हुए केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। आयुष मत्स्य ,पंचायत, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने शपथ ली और कहा की विकसित भारत को लेकर तन मन धन से सहयोग करेंगे। जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल ने बताया विकसित भारत संकल्प यात्रा में हरदुआ मानगढ़ ग्राम पंचायत की जनसंख्या 2640 में पीएम आवास 264 आयुष्मान 1504 लाडली बहना 579 शौचालय निर्माण 465 उज्वला योजना 485 खाद्ययान पर्ची 722 किसान सम्मन निधि 361 जनधन खाते 214 जल जीवन मिशन 465 लाडली बहना आवास 445 समग्र पेंशन 310 संबल योजना 14 हितग्राही लाभान्वित हुए इस दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारी ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों की उपस्थिति रही बता दें। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएँ सुलभ बनाना नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने सहित। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ नाम से भारत सरकार द्वारा यह यात्रा प्रारम्भ की गई है जिसमे वंचित व्यक्ति तक यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

# पेंसनर्स डे मनाया



हिण्डोरिया। स्थानीय श्री गायत्री विधापीठ विधालय मे पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पेंशनर्स समाज संगठन के नगर अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद चौरसिया ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत नारायण सिंह व्दारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम के दौरान संगठन के उपाध्यक्ष जनाब हाजी नबाब खान को हिण्डोरिया जामा मस्जिद का सदर बनाये जाने पर सभी ने हर्ष व्यक्त कर उनका स्वागत कर बधाई दी। कार्यक्रम अध्यक्ष ने सभी पेंशनर्स समाज संगठन के साथियों के दीर्घायु उज्वल भविष्य की ईश्वर से कामना करते हुये सभी को भारतीय स्टेट बैंक की ऋण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर 89 वर्षीय पेंशनर्स पूरन लाल नामदेव का विशेष सम्मान भी किया गया। अंत मे सभी का आभार व्यक्त कर स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# विभिन्न ग्रामों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 19 दिसंबर को दमोह के हरदुआखुर्द सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदुआखुर्द में प्रातः 9:30 बजे एवं ग्राम पंचायत मनका में दोपहर 1:30 बजे से, बटियागढ़ विकासखण्ड के फतेहपुर सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत पौड़ी फतेहपुर में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत पांडाझिर में दोपहर 2 बजे से, पथरिया विकासखण्ड के किशुनगंज सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलाई में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत रानगिर में दोपहर 2 बजे से, हटा विकासखण्ड के कनकपुरा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत कनकपुरा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत मलवारा में दोपहर 2:30 बजे से, पटेरा विकासखण्ड के लुहारी सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत लुहारी में प्रातः 9 बजे एवं ग्राम पंचायत लुहर्रा में दोपहर 1:30 बजे से, तेंदूखेड़ा विकासखण्ड के सहजपुरा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत सैलवाड़ा माल में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत इमलीडोल में अपरान्ह 3 बजे से तथा जबेरा विकासखण्ड के बनवार सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत लरगुवां में प्रातः 11 बजे एवं ग्राम पंचायत गोलापटी में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जायेगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन सुनिश्चित हो : कलेक्टर

पन्ना। कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन कराने और अपेक्षा अनुरूप कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को मॉनिटरिंग के अलावा सौंपे गए दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन के लिए भी निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा की 40 दिवसीय कार्ययोजना अनुसार गतिविधियों की सघन मॉनीटरिंग के साथ अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से यात्रा के आगमन के दौरान और शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लोगों को विकसित भारत के निर्माण की शपथ सहित कृषकों, महिलाओं, श्रमिक वर्ग और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित कर महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी विभागीय स्टॉल के जरिए प्रदान करें।

ड्रोन फ्लाई एक्टिविटी के माध्यम से कृषकों को कृषक हितैषी योजनाओं व गतिविधियों के बारे में जागरूक करें। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा व शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रतिदिन की यात्रा संबंधी गतिविधियों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की मॉनीटरिंग भारत सरकार द्वारा एवं राज्य स्तर पर भी की जा रही है। इसलिए प्रतिदिन लॉग इन आईडी से पोर्टल पर डाटा एंट्री कराना भी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों में यात्रा के पहुंचने पर हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी, विकसित भारत शपथ, क्विज प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियां संपादित करने, लीड बैंक अधिकारी को बैंकिंग स्टॉल के जरिए 18 वर्ष एवं अधिक आयु के नागरिकों के जनधन खाता खोलने, मैदानी स्तर के अधिकारियों द्वारा समन्वय के साथ कार्य करने तथा सभी एसडीएम को जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन और दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगाने सहित आगामी दिवसों में विकासखण्डवार एलिम्को के सहयोग से कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित करने के लिए भी कहा।

### खबर संक्षेप

## नौरादेही विस्थापन क्षेत्र वासियों द्वारा 20 को दिया जाएगा धरना

तेंदूखेड़ा। नौरादेही विस्थापन रोकने के लिए क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापनों के माध्यम से अवगत कराया गया है कि हम सभी क्षेत्रवासी अपना गांव क्षेत्र छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहते इसके बाद भी प्रशासन द्वारा अनर्गल तरीके से हम लोगों का विस्थापन कर रही है। जो हम लोगों को कतई मंजूर नहीं है इसलिए क्षेत्रवासियों द्वारा तीन दिवसीय यात्रा क्षेत्र मैं चला कर लोगों को विस्थापन के संबंध में जागरूक किया गया। इस यात्रा में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर यात्रा को सफल बनाया। क्षेत्र वासियों का कहना है कि अब कुछ भी हो लेकिन हम लोग अपना क्षेत्र छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहते हैं। सरकार द्वारा लाया गया प्रस्ताव हम लोगों को मंजूर नहीं है। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि क्षेत्रवासियों द्वारा 20 दिसंबर 2023 को दमोह में धरना दिया जाएगा। इस धरने का उद्देश्य है की सरकार द्वारा हमारे भोले भाले लोगों को अनर्गल तरीके से जो विस्थापन किया जा रहा है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए। तथा क्षेत्र में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर लगा हुआ। प्रतिबंध सरकार तत्काल हटाकर अन्य क्षेत्रों की भांति इन क्षेत्रों में भी काम करने की अनुमति प्रदान करें। यह धरना नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति तत्वाधान में किया जाएगा जिसमें सभी क्षेत्रवासियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु तीन दिवसीय यात्रा चलाकर लोगों को विस्थापन के संबंध में जन जागरूक किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गलत तरीके से हमारे क्षेत्र के लोगों का विस्थापन किया जा रहा है। जबकि विस्थापन के खिलाफ कई बार प्रस्ताव ग्राम पंचायत की बैठकों में लाई भी गए। इसके बाद भी शासन पंचायत के फैसले के खिलाफ जाकर लोगों का विस्थापन कर रही है।

### जिला शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में अनेक शिक्षक मिले अनुपस्थित, संबंधित के विरूद्ध होगी कार्रवाई

# समय-सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा व सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाकोट, माध्यमिक शाला बालाकोट, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला चौरई, शासकीय प्राथमिक शाला जमुनिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसा तारखेड़ा एवं शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनेक शिक्षक विद्यालय से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिले, अनुपस्थित शिक्षकों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाकोट के प्राचार्य सुधीर गंगेले, उच्च माध्यमिक शिक्षक राजा भटकारिया, सरिता चौहान, अनीता सोनी, ज्योति अग्रवाल, रविंद्र अहिरवार समय पर स्कूल नहीं पहुंचे। इसी तरह माध्यमिक शाला बालाकोट की दीपिका खरे, कल्पना शर्मा, विनीता असाटी, अनारी लाल अहिरवार, रेखा कटहरे, बृजेश श्रीधर, वेद प्रकाश द्विवेदी, सरोज ठाकुर, माध्यमिक शाला चौरई से संजय सिंघाई, प्राथमिक शाला चौरई से ओम देवी अहिरवार, प्राथमिक शाला जमुनिया में गौरी विश्वकर्मा अनुपस्थित मिली। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा है कि ऐसे सभी अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक शिक्षा मिशन से कहा है कि वे इस तरह के निरीक्षण सतत करते रहे और अनुपस्थित मिलने वाले ऐसे शिक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई प्रस्तावित की जाये। अनेक अतिथि शिक्षक भी समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं जिनका अनुपस्थित दिनांक का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित आहरण-संवितरण अधिकारी को दिए गए। इस सत्र में परीक्षाएं चूंकि एक माह पूर्व हो रही है, इस हेतु सभी प्राचार्य को निर्देशित किया गया है कि विद्यार्थियों की समय पर कक्षाएं लगे साथ ही अतिरिक्त कक्षाएँ लगाकर कोर्स पूरा किया जाना सुनिश्चित किया जाये। सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।



## नाबालिग को किया दस्तयाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना की बनवार चौकी क्षेत्र के एक गांव से 4 माह पहले गुम हुई एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बनवार चौकी क्षेत्र के एक गांव से अगस्त माह में 16 वर्षीय नाबालिक बालिका घर से बिना बताए कही चली गई थी। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर थाना नोहटा में अपराध क्रमांक 425/23 धारा 363 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन तथा एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवीसिंह ठाकुर व थाना प्रभारी नोहटा अरविंद सिंह के नेतृत्व में बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने नाबालिक बालिका को गुजरात से खोजने सफलता मिली है। चौकी प्रभारी मनीष यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 माह पहले गुम नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया है। नाबालिकग बालिका के दर्ज किए गए बयान में बताया परिजनों से नाराज होकर अपनी मर्जी से घर से भाग गई थी। गुजरात की एक फैक्टरी में काम करने लगी थी।पुलिस ने नाबालिक बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। कार्यवाही में थाना प्रभारी अरविंद सिंह, चौकी प्रभारी मनीष यादव, प्रा आरक्षक गणेश, आरक्षक कृष्णकांत एवं महिला आरक्षक अर्पणा की अहम भूमिका रही।

## गणित सप्ताह का शुभारंभ

**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में 22 दिसम्बर श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 18 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश की मंशानुसार आज से गणित सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का मूल उद्देश्य देश के युवाओं को गणित विषय के प्रति जागरूकता और नेतृत्व को प्रोत्साहन देना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति श्रीमती पूजा मलैया एवं श्रीमती रति मलैया के कुशल नेतृत्व और कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के मार्गदर्शन में गणित सप्ताह का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन ने इस अवसर पर सभी को बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को गणित सप्ताह में प्रतिभाग लेने की बात कही गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासकीय पी जी कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. रमेश अहिरवार एवम ओजस्विनी उत्कृष्टता संस्थान की प्राचार्य डॉ. शमा जे पी खानम ने विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किए।

## रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णंतः प्रतिबंधत रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 यथा संशोधित एवं उक्त विषय में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में जारी दिशा निर्देशों के कड़ाई से अनुपालन कराने तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किये जाने के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। शासन के संज्ञान में आया है, कि विभिन्न धर्म स्थलों में निर्धारित डेसिबल का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने शासन से प्राप्त निर्देशों के पालन एवं लाउडस्पीकर/डी.जे./संबोधन प्रणाली से होने वाले शोर के कारण मानव शरीर पर होने वाले दुष्प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये संपूर्ण दमोह जिले की राजस्व सीमांतर्गत दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश में कहा गया कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 यथासंशोधित के नियम 3(1) एवं 4(1) के अनुसार नियमावली के शेडयूल में **Ambient Air Quality Standards in Respect of Noise** के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों जिसमें औधौगिक, वाणिज्यिक, रिहायसी व शांत क्षेत्र में दिन व रात के समय अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई हैं। उपरोक्त निर्धारित ध्वनि तीव्रता से अधिक ध्वनि पर लाउडस्पीकर /डी.जे./ संबोधन प्रणाली बजाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णंतः प्रतिबंधत रहेगा। इसी प्रकार ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 यथासंशोधित के नियम के अनुसार नियमावली के शेड्यूल में अंकित अनुमत्य अधिकतम ध्वनि सीमा (डेसिबल में) के अंतर्गत ध्वनि मानकों के प्रावधानों का पालन करते हुए सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम 02 डी.जे. के प्रयोग को ही अनुमत्य किया जाये। डी.जे. व लाउडस्पीकर की विधिवत अनुमति सक्षम स्तर (संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी) से अवश्य ली जाये। किसी भी संस्था/व्यक्ति द्वारा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 यथासंशोधित के प्रावधानों का पालन करते हुए ही ध्वनि विस्तारक यंत्र/लाउडस्पीकर/ डी.जे. का प्रयोग किया जा सकेगा। ऐसे कार्यक्रम जिनमें नियमों का पालन न करते हुए डी.जे. या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का अनियंत्रित रूप से प्रयोग किया जाता है, उनके आयोजकों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उपरोक्त आदेश के पालन तथा ध्वनि प्रदूषण के मामलों की जांच हेतु जिला दमोह के संबंधित थाना क्षेत्रांतर्गत उड़न दस्तों का गठन किया गया हैं। उड़न दस्ता दल में संबंधित थाना क्षेत्र के तहसीलदार/नायब तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, संबंधित थाने के थाना प्रभारी अथवा उनके प्रतिनिधि, क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर द्वारा नामित अधिकारी एवं संबंधित थाना क्षेत्रांतर्गत नगर पालिका अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला दमोह शामिल होंगे। उपरोक्त गठित उडनदस्तों द्वारा नियमित एवं आकस्मिक रूप से निर्धारित उपकरणों के साथ ऐसे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थानों का औचक निरीक्षण, जहां ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग होता हो, तथा प्राप्त शिकायतों की आकस्मिक जांच की जायेगी, तथा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जावेगा। उडनदस्तों द्वारा जांच के निर्देश प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर अधिकतम 03 दिवसों के अंदर समुचित जांच प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। उपरोक्त गठित जिले के समस्त उड़नदस्तों का नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, दमोह को नामित किया गया है। समस्त उडनदस्तों द्वारा अपनी औचक जांचों की रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगें। अनुविभागीय दण्डाधिकारी उपरोक्त जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही कर उसकी मासिक जानकारी नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दमोह के समक्ष प्रस्तुत करेगें। नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दमोह उपरोक्त प्राप्त जानकारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय भोपाल को प्रेषित करेगें। संबंधित क्षेत्रों के अनुविभागीय दण्डाधिकारी गठित उडनदस्तों से प्राप्त अवैध लाउडस्पीकरों की सूची अनुसार उन्हें हटवाया जाना सुनिश्चित करेगें। संबंधित क्षेत्रों के अनुविभागीय दण्डाधिकारी उडनदस्तों से जांच रिपोर्ट/प्रतिवेदन प्राप्त होने पर दिये गये दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करेगें। चूंकि यह आदेश दमोह जिला सीमा क्षेत्रांतर्गत तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया जाना आवश्यक है। अतः इसकी सूचना की तामील सम्यक समय में करने की गुंजाईश नहीं है, अतः यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। संबंधित थाना प्रभारी इस आदेश की तामीली दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 134 (2) में उल्लेखित रीति अनुसार उद्घोषणा प्रकाशित कर तथा ऐसे सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा कर प्रकाशित करावेंगें, जो आम जनता को इत्तिला पहुचाने के लिये सर्वाधिक उपर्युक्त है। जारी आदेश में विभिन्न क्षेत्रों औद्योगिक, वाणिज्यिक, रिहायसी एवं शांत क्षेत्र में दिन व रात के समय अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई हैं। निर्धारित ध्वनि तीव्रता से अधिक ध्वनि पर लाउडस्पीकर/डी.जे./संबोधन प्रणाली बजाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध अनुविभागीय दण्डाधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होकर तब तक लागू होगा जब तक कि इसे बदल न दिया जाये अथवा विखण्डित न कर दिया जाये।

### प्रतिबंधात्मक आदेश जारीः ध्वनि प्रदूषण के मामलों की जांच हेतु उड़न दस्तों का गठन

## वैश्य महासम्मेलन के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के वार्षिक कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम जिले के विभिन्न तहसीलों में संपन्न हुआ। दमोह में विमोचन कार्यक्रम वैश्य भवन में हुआ सर्व प्रथम मां लक्ष्मी के चित्र में पूजन माल्यार्पण अतिथियों एवं सभी वैश्य बंधु से हुआ। कार्यक्रम खजुराहो संभाग के प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री गोविंददास असाटी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी के मुख्य आतिथ्य में संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला प्रभारी सुशील गुप्ता जिला अध्यक्ष पदम इटोरिया शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक राजकुमार नामदेव, संरक्षक सुधीर असाटी, महिला संभाग अध्यक्ष ऋतु अग्रवाल, युवा संभाग अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, महिला प्रभारी विद्या असाटी, अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, पार्षद कविता राय, संजय रतले, डॉ अशोक रमा अग्रवाल, लखन गुप्ता, कल्पित साहू, महेंद्र गुप्ता, गणेश अग्रवाल, आशीष जैन, विकल्प जैन, विकास अग्रवाल, रवि अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, समाज के वरिष्ठ प्रतिष्ठित गण की शोभामय उपस्थित में विमोचन हुआ। जबेरा तहसील संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में शिक्षा संयोजक राजकुमार नामदेव शिक्षक की उपस्थिति में हैं। जबेरा में जैन धर्मशाला में वैश्य बंधु की उपस्थिति में हुआ। जहां सभी की सहमति से शैलेन्द्र जैन को जबेरा तहसील का अध्यक्ष मनोनित किया गया। तेंदूखेड़ा तहसील संभाग अध्यक्ष राकेश अग्रवाल की शिक्षा संयोजक राजकुमार नामदेव शिक्षा तेंदूखेड़ा अध्यक्ष विवेक जैन एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विमोचन हुआ।बटियागढ तहसील खजुराहो संभाग प्रभारी गोविंददास असाटी, जिला संतोष नरेंद्र बजाज दमोह, जिला प्रभारी सुशील गुप्ता, तहसील अध्यक्ष बाबूलाल जैन एवं समिति के गणमान्य सदस्य एवं वैश्य बंधुओं ने विमोचन किया एवं अलग अलग जाकर कैलेंडर वितरित किए।

हटा तहसील हटा इकाई के संरक्षक उमेश बजाज, तहसील प्रभारी प्रदीप गुप्ता, युवा संभाग अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, जिला मंत्री विकल्प जैन, युवा पदाधिकारी शिवम अग्रवाल की उपस्थिति में हट्टा इकाई के युवा अध्यक्ष रितेश अग्रवाल के संयोजन में विमोचन बैठक रखी गई। जिसमे उमेश अग्रवाल, सुशील असाटी, रवि सोनी, दिनेश सोनी, ताम्रकार जी, श्याम नायक, रनेह एवं वैश्य बंधुओं की उपस्थिति में कैलेंडर का विमोचन हुआ। साथ ही वैश्य कैलेंडर वैश्य भवन के बारे में जुगल अग्रवाल द्वारा जानकारी दी गई। सर्वसम्मति से रितेश अग्रवाल को तहसील हट्टा अध्यक्ष मनोनित किया गया।

### पटेरा में हुआ आयोजन

पटेरा तहसील में वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम वरिष्ठ पदाधिकारी प्रहलाद अग्रवाल के संयोजन युवा संभाग अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, तहसील प्रभारी नरेंद्र बजाज, तहसील अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री विकल्प जैन, युवा पदाधिकारी शिवम अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ। युवा इकाई प्रभारी नीरज गुप्ता, अध्यक्ष स्वपनिल जैन, चंदन असाटी, महिला इकाई से कविता बड़कुल, अध्यक्ष आशिमा गुप्ता एवं पटेरा इकाई के सभी गणमान्य पदाधिकारी गण सदस्यगण ने विमोचन किया। इस अवसर पर नए सदस्य के रूप में लकी गुप्ता का सदस्यता फॉर्म भरा गया एवं पिछली बैठक में बनाए सदस्यों को सदस्यता कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में महामंत्री महेश जैन, अशोक बडकुल, स्वतंत्र सेठ, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र बजाज, राजेन्द्र राही, धर्मेन्द्र चौधरी, अतुल चौधरी, बकील चंद जैन, राजेश जैन, योगेश सेठ, प्रशांत सेठ, शरद सेठ, चंदन असाटी, रत्नेश अग्रवाल सहित महिला टीम उपस्थित रही। संचालन नरेन्द्र बजाज ने व आभार महेश जैन ने माना।

## अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा पलटा

**दमोह।** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी के समीप सतधरू के पास चालक की लापरवाही से ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक सहित तीन सवार घायल हो गए। चौकी प्रभारी इमलिया आनंद कुमार ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में नन्हे भाई लोधी उम्र 45 वर्ष, लड्डू सिंह उम्र 32 वर्ष और पार्वती निवासी बरवटा का इलाज जारी है।

## ट्रेन में युवक की मौत

**दमोह।** दमोह रेल्वे स्टेशन पर पहुंची कामायनी एक्सप्रेस में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। कामायनी एक्सप्रेस के जनरल कोच में बैतूल के निवासी वसीम खान की मौत हो गई । जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची व शव को नीचे उतरवाया गया। मोबाईल से उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को दमोह जिला अस्पताल में रखवाया गया है। बैतूल से परिजन दमोह पहुंचे है शव को उनके सुपुर्द किया जायेगा।

## बूंदाबहू मंदिर में श्रीसीताराम विवाह के बाद हुआ रामकलेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू में चल रही श्रीसीताराम विवाह कथा रस के छटवे दिवस में कथावाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज के द्वारा विवाह के बाद होने बाली रस्म रामकलेवा जिसे कुवर कलेवा भी कहते हैं कि दिव्य कथा श्रवण कराई गई जिसमें राम लछमण भरत शत्रुघ्न मिथिलापुरी में विवाह बाद कलेवा करने के लिए जनक जी के राजमहल में पहुंचते है तो मिथिलापुरी की श्रीसीता जी की सखिया चारों कुमारो से हँसते हुये विनोद करती हैं वहीं मंदिर परिसर में भी कुंवर कलेवा का आयोजन कराया गया जिसमें हजारो भक्तो ने भोजन प्रसाद पाया भगवान राम माता सीता को छप्पन प्रकार के भोजन कराया गया और भगवान राम और माता सीता को विधि विधान पूर्वक पूजन तथा गीत सुना गया। राम विवाह महोत्सव पिछले छह दिनों से चल रहा है आज राम विवाह के आखरी दिन श्रीसीता जी की मुँह दिखाई कथा सुनाई जायेगी वैदिक विधि व लौकिक विधि द्वारा विवाह उत्सव सम्पन्न हुआ। बूंदाबहू मंदिर में राम कलेवा का कार्यक्रम बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। मंदिर में देर रात्रि भगवान राम माता सीता के विवाह सम्पन होने के बाद सुबह से मंदिरों में राम व सीता के लिए कलेवा किया गया। इस कार्यक्रम में हजारो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे तथा सभी भक्त भगवान के विदा गीतों में झूमते रहे। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कीरत सिंह राजपूत ने बताया कि बूंदाबहू मंदिर में आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज के द्वारा वैदिक विधि व लौकिक विधि द्वारा विवाह उत्सव सम्पन्न कराया गया इसी क्रम में आज सुबह से कलेवा का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम में श्रद्धालु और भक्तजनो की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी गई तथा बताया कि भगवान को हम लोग कुछ नहीं दे सकते हैं। वो तो सबका भरन पोषण करते हैं। लेकिन आज यह कार्य एक उपासना के रूप में हम लोग करते हैं। इसी क्रम में कलेवा का कार्यक्रम किया गया। और हजारों श्रद्धालु इस महोत्सव के दौरान उपस्थित हुये।



## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन शाखा पटेरा ने मनाया पेंशनर्स दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

प्रोग्रेसव पेंशनर्स एसोसियेशन तहसील शाखा पटेरा ने पेंशनर्स दिवस पर वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान किया। पुरानी अस्पताल परिसर में आयोजित समारोह में नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये तो कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज ने की। विवेक शर्मा फील्ड अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। अन्य वरिष्ठ पेंशनर्स प्रेमनाथ मिश्रा, केपी ताम्रकार, श्री शुक्ला द्वय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। तहसील शाखा के पूर्व अध्यक्ष राम किशोर खरे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत करने वालों में तहसील शाखा अध्यक्ष मोहन ताम्रकार, महेश जैन एवं प्रकाश गुप्ता प्रमुख रहे। मोहन ताम्रकार महेशन जैन ने तहसील शाखा द्वारा किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। सभी वरिष्ठ पेंशनर्सों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में टी एस राजपूत, अतीक खान, प्रकाश गर्ग, निर्मल जैन, सफी मुहम्मद, मुलाम सिंह, गफलू पटवारी, कोमल सिंह परिहार, डीके तंतुवाय, गन्नू प्रसाद सहित महिला पेंशनर्स उपस्थित रही। सभी ने स्वल्पाहार का आनंद लिया।



